जयपुर । भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी.) ने सार्वजनिक खरीद की व्यवस्था में सुधार लाने और इसकी ऑडिट में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी पक्षकारों के साथ मिलकर एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया है। इस समूह में पूरे देश में सिर्फ राजस्थान कैडर के वरिष्ठ आई.ए.एस. और अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा को शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि इस सात सदस्यीय समूह में अतिरिक्त उप नियंत्रक व महालेखापरीक्षक (ए.डी.ए.आई) प्रमोद कुमार, राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लि. के पूर्व सीईओ प्रकाश गौड, नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक पार्थ सारथी रेड्डी, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सी.ई. शैलेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम के सीएफओ पी.के.अग्रवाल, आर्थिक सलाहकार के. सुब्रमण्यम शामिल होंगे।

यह समूह सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया के मौजूदा नियम-कायदों के अभाव अथवा ऑडिट के दौरान पाई गई खामियों को अंगीकृत करेंगे, ताकि सरकार उन्हें दुरुस्त कर सके। क्या खरीद होनी चाहिए और किस प्रकार से होनी चाहिए, इस बारे में भी सही सलाह और सिफारिश भी पेश करेंगे। अंकेक्षण (ऑडिट) के दौरान दुनियाभर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम नीत्तियों अथवा प्रथाओं को सी.ए.जी. के ऑडिटर्स की ट्रेनिंग में भी लागू करने का सुझाव देंगे। यह ग्रुप प्रत्येक 3माह में एक बार रिव्यू मीटिंग बुलायेगा।

दो लोगों से 7 लाख रुपए की साइबर ठगी

जयपुर। शहर में दो अलग-अलग थाना इलाके में दो लोगों से सात लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। जवाहर नगर थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से पांच लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी नानकराम ने मामला दर्ज करवाया कि साइबर ठगों ने उसके खाते से पांच लाख रुपए निकाल लिए। यह ठगी 19 जून को हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि ठगों ने उसके मोबाइल को हैक किया था और फिर उसके खाते से यह राशि निकाल ली गई। दूसरी घटना में करधनी थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक के फोन पे एप को हैक कर उसके खाते से 2 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस के अनुसार निवारू एनक्लेव आर्मी कैम्प निवासी धन्नजंय कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने उसके फोन पे एप को हैक कर लिया और फिर उसके खाते से ऑनलाइन दो लाख रुपए निकाल लिए गए।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन झमाझम बारिश हुई। करीब एक घंटे की तेज बारिश ने शहर की सड़कों को दरिया में तब्दील कर दिया, जिससे वहां वाहन चालकों और राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी उठानी पडी।

खान विभाग ने ढाई माह में सर्वाधिक 1670 करोड़ रुपए राजस्व कमाया

मुख्यमंत्री भजन लाल के नेतृत्व में खनिज खोज में ए.आई. के उपयोग का पायलट प्रोजेक्ट

जयपुर । खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 17 जून तक 1670 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित हुआ है, जो इसी अवधि का अब तक का सर्वाधिक राजस्व है।

उन्होंने विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता लाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए माइनिंग से जुड़ी सभी एप्लीकेशंस को ऑनलाईन करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी को भी कार्य विशेष के लिए विभाग के कार्यालयों में अनावश्यक नहीं आना पड़े। शुक्रवार को प्रमुख सचिव टी. रविकान्त उदयपुर खनिज भवन में हाईब्रिड मोड पर विभागीय अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा माइनिंग प्लान के ऑन लाईन अनुमोदन की व्यवस्था कर दी है इसी तरह से लीज इन्फोर्मेशन और डिमाण्ड सिस्टम की संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाईन करने से समय व धन की बचत के साथ ही खानधारकों को बड़ी राहत मिलने लगी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में अब पायलट आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग सिस्टम का उपयोग मिनरल एक्सप्लोरेशन के लिए शुरु किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के परिणामां का विश्लेषण कर इसे और अधिक विस्तारित किया जाएगा।



खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने शुक्रवार को उदयपुर के खनिज भवन में हाईब्रिड मोड पर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

इसी तरह से डीएमएफटी को और अधिक व्यावहारिक बनाते हुए खनन प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य, षिक्षा, कौषल विकास, महिला बाल विकास सहित सीधे आम आदमी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी है।

रविकान्त ने खनिज प्लाट और ब्लॉक तैयार करने के डेलिनियेशन व अन्य कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने के साथ ही माइनिंग व जियोलोजी विंग में बेहतर समन्वय पर जोर दिया ताकि अधिक से अधिक माइनर व मेजर मिनरल के ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन किया जा सके। इससे माइनिंग सेक्टर में निवेश, रोजगार और राजस्व की बढ़ोतरी तो होगी ही साथ ही अवैध खनन पर भी रोक लग सकेगी। उन्होंने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने फील्ड अधिकारियों से कहा कि राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वित्तीय वर्ष के अंतिम महिनों तक प्रतीक्षा करने के स्थान पर निर्धारित

- सभी एप्लीकेशंस होगी ऑनलाईन- पारदर्शिता, समय व धन की होगी बचत : टी. रविकांत
- अधिक से अधिक मिनरल प्लाटों के डेलिनियेशन कर ऑक्शन पर जोर

पुरानी व करन्ट बकाया राशि की वसूली के और अधिक कारगर प्रयास करने को कहा।निदेशक माइंस दीपक तंवर ने कहा कि अधीक्षण खनि अभियंता स्तर पर राजस्व वसूली, डेलिनियेशन, प्लॉट ऑक्षन, आरसीसी/ईआरसीसी ठेकों की नीलामी व रायल्टी वसूली आदि प्रमुख बिन्दुओं पर नियतकालीन समीक्षा होनी चाहिए।

उन्होंने खान धारक पर सरकारी राजस्व की बकाया ड्यू होते ही उसे जमा कराने का नोटिस चले जाना चाहिए ताकि समय पर राजस्व आ सके।

तंवर ने विश्वास दिलाया कि विभाग द्वारा राज्य सरकार द्वारा तय लक्ष्यों के अनुसार प्रतिमाह वसूली की जाये।समीक्षा बैठक में न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों, विधानसंभा के लंबित प्रकरणों, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव स्तर से प्राप्त पत्रों और अभाव अभियोगों के तयसमय सीमा में निष्पादन के निर्देष दिए गए।

बैठक में संयुक्त सचिव आशु चौधरी, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील वर्मा, जेएलआर गजेन्द्र सिंह, विभाग के अतिरिक्त निदेशक माइनिंग और भूविज्ञान, अधीक्षण खनिज अभियंता, एमई-एएमई व अधीक्षण भूवैज्ञानिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

चंबल नदी के राजस्थान में बने बांध लबालब, कोटा बैराज से लगातार पानी की निकासी संभव

कैचमेंट एरिया में होने वाली बारिश से लगातार पानी की आवक होने पर निकासी की जाएगी

कोटा, (निसं)। चंबल नदी के राजस्थान में बने तीनों बांध में इस बार लबालब पानी है। ऐसे में इनका कैचमेंट एरिया में होने वाली बारिश से लगातार पानी की आवक होने पर निकासी की जाएगी। इसी के चलते

- **कोटा बैराज से दो गेट खोलकर 6500 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है, जिसमें एक गेट 3 फीट और दूसरा 5 फीट खोला गया है**



कोटा बैराज से दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

राणा प्रताप सागर बांध और जवाहर सागर बांध से मशीन डिस्चार्ज किया जा रहा है। बिजली उत्पादन भी शुरू हो गया है। साथ ही कोटा बैराज से गेट डिस्चार्ज भी शुरू कर दिया गया है। इन तीनों डैम के गेट खुलेंगे तो पानी का डिस्चार्ज किया जाएगा। इसके बाद चंबल नदी कोटा से लेकर धौलपुर तक अलर्ट मोड पर रहेगी। इस बार यह तीनों डैम 96.69 फीसदी फुल हैं। इन तीनों की पूरी कैपेसिटी 3084.03 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जबकि इनमें वर्तमान में पानी 2982.23 मिलियन क्यूबिक मीटर है।

राणा प्रताप सागर बांध के सहायक अभियंता हरीश तिवाड़ी का कहना है कि मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में स्थित चंबल नदी के सबसे बड़े बांध गांधी सागर बांध का लेवल कम किया गया था। इसके चलते वहां से पानी डिस्चार्ज गर्मी के सीजन में हुआ था। राणा प्रताप सागर बांध उस समय खाली था। ऐसे में राणा प्रताप सागर बांध से पानी छोड़ने की जगह उसे स्टोर कर लिया गया। राणा प्रताप सागर बांध का लेवल बढ़ गया है। साल 2024 में 20 जून के दिन वहां पर फुल कैपेसिटी 2904.85 की एवज में 1982.86 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी था। यह बीते साल करीब 68 फीसदी बारिश के सीजन की शुरुआत में भरा हुआ था। जबकि इस साल 2025 में यह 97 फीसदी भरा हुआ है। वर्तमान में इसमें 2819.63 एमसीएम पानी है। इसी दिन गेट से पानी डिस्चार्ज पहली बार पिछले साल हुआ था। जबकि इस बार ऐसी स्थिति नहीं है। राणा प्रताप सागर बांध में 85 एमसीएम पानी आने के बाद यह फूल हो जाएगा। ऐसे में इस बार पूरी उम्मीद है कि जून महीने में ही डैम से पानी डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। जबकि मशीन डिस्चार्ज शुरू हो गया है।

सहायक अभियंता हरीश तिवाड़ी के मुताबिक राणा प्रताप सागर बांध में ज्यादातर पानी की आवक गांधी सागर बांध के पानी छोड़ने से होती है। इस बार गांधी सागर बांध बीते साल की अपेक्षा इस बार ज्यादा खाली है। बीते साल वहां कैपेसिटी 7164.94 एमसीएम की तुलना में 58 फीसदी यानी 4173.85 एमसीएम पानी था। इस बार यह पानी महज 46.87 फीसदी यानी 3358.25 है। ऐसे में गांधी सागर बांध को भरने में काफी ज्यादा समय लगेगा लेकिन आरपीएस डैम के कैचमेंट एरिया में होने वाली बारिश के पानी को तुरंत निकालना पड़ेगा। जवाहर सागर बांध के केसमेंट एरिया में ब्राह्मणी नदी का भी पानी आता है। यह शुरुआत में हजारों क्यूसेक होता है और बाद में बढ़कर लाख क्यूसेक ऊपर भी चला जाता है। ऐसे में लगातार निकासी भी होगी। कोटा बैराज की कुल क्षमता 112 मिलियन क्यूबिक मीटर के आसपास ही है। जबकि जवाहर सागर डैम की क्षमता 67.12 एमसीएम है। जबकि राणा प्रताप सागर बांध इन दोनों डैम की क्षमता से 16 गुना ज्यादा बड़ा है। ऐसे में राणा प्रताप सागर बांध से पानी की निकासी होने पर इन दोनों डैम से तत्काल निकासी की जाती है क्योंकि इनमें पानी को स्टोर ज्यादा नहीं किया जा सकता है।

कोटा बैराज से छोड़ा पानी : सहायक अभियंता निकिता पारेता ने बताया कि बारिश के सीजन को देखते हुए फ्लड सेल जल संसाधन विभाग ने चालू कर दी है। इसके जरिए हर घंटे डैम और उनके पानी की आवक व डिस्चार्ज की रिपोर्ट ली जा रही है। इसे 24 घंटे जिला कलेक्टर और जयपुर मुख्यालय को अपडेट भी कराया जाता है ताकि पानी डिस्चार्ज होने पर नीचे अलर्ट जारी हो सकें। राणा प्रताप सागर बांध में 12167 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। मशीन के जरिए 1790 क्यूसेक डिस्चार्ज किया जा रहा है। जबकि जवाहर सागर बांध से 3800 क्यूसेक पानी आ रहा है जिसमें ब्राह्मणी नदी का पानी भी है। यहां से मशीन डिस्चार्ज किया जा रहा है। इसी तरह से कोटा बैराज से दो गेट खोलकर 6500 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। जिसमें एक गेट 3 फीट और दूसरा 5 फीट खोला गया है।

सरकारी कर्मचारी का संदिग्ध हालत में शव मिला

- **प्रथमदृष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया हो**
- **मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा, पुलिस ने जांच शुरु की**

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में बीती शाम एक सरकारी कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पेड़ के नीचे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 49 वर्षीय विष्णु पारीक पुत्र सत्यनारायण पारीक, निवासी रायपुर के रूप में हुई है। वे वर्तमान में भीलवाड़ा में राजकीय सेवा में कार्यरत थे।

सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह विष्णु पारीक अपनी स्कूटी लेकर कार्यालय के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक जब वे घर नहीं लौटे, तो परिजन चिंतित हो उठे। इसी दौरान हरिपुरा-भगवानपुरा मार्ग पर राहगीरों की नजर सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे अचेत अवस्था में पड़े व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मांडल उपजिला चिकित्सालय में सूचना दी, जहां विष्णु पारीक को लाया गया। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। परिजनों को भी सूचना दी गई, जो मौके पर पहुंच गए।

मृतक के चेहरे पर विशेष रूप से आंखों के नीचे नीले निशान और मुंह से खून निकलने के लक्षण देखे गए हैं, जिससे प्रथमदृष्टया आशंका जताई जा रही है कि विष्णु पारीक ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया हो। हालांकि, मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना से इलाके में शोक और भय का माहौल है। लोगों में इस बात को लेकर चर्चाएं हैं कि आखिर विष्णु पारीक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई। परिजन भी स्तब्ध हैं और उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मांडल थाना प्रभारी विक्रम सिंह शेरावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि घटना से जुड़े कोई सुराग मिल सके। राजकीय कर्मचारी विष्णु पारीक की अचानक हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले को हर एंगल से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह मामला आत्महत्या का है, दुर्घटना का या किसी साजिश का। उनकी मौत से परिवार और समाज में शोक की लहर है।

कार्यालय नगरपरिषद, जालोर (राजस्थान)

क्रमांक : नपजा/स्टोर/2025/ई–निविदा/1794 दिनाक :– 12.06.2025

:: ई–निविदा सूचना सं. 02/2025–26 ::

नगरपरिषद, जालोर क्षैत्र में **Maintenance Of Led Street Lights And Road Light Lines In Municipal Coucil (Ulb) Area (Including Material &Amp Manpower/Labour)** कार्य के लिए माल एवं सेवाओं के उपापन के लिए दर संविदा वित्तीय वर्ष 2025–26 (31.03.2026) के लिए कार्य दर (रेट कोन्टेक्ट) हेतु विभिन्न फर्मो, ठेकेदारों, अधिकृत डिलरों से एतद्द्वारा मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है–

NIB CODE :- DLB2526A2387

आयुक्त नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद/सी/25/4527

टेम्पो ट्रक से 1183 किलो घी व वेज फेट जब्त

- **पाली जिले के विभिन्न गांवों में दुकान व प्रतिष्ठानों पर विक्रय हेतु जा रहा था घी**
- **खाद्य सुरक्षा अधिकारी मय दल द्वारा तेज बारिश के बावजूद देर रात 12 बजे तक कार्रवाई की**

पाली, (नि.सं.)। जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुये आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण एच गुईटे के दिशा निर्देश पर पाली जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मिलावटी घी की सूचना पर देर रात को दबिश देकर नेशनल हाइवे-14 पर जाडन के समीप टेम्पो ट्रक से 1183 किलो घी व वेज फेट जब्त किया गया।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मय दल द्वारा तेज गती से चल रहे टेम्पो ट्रक का पीछा कर उसे जाडन पेट्रोल पम्प पर रूकवाया गया, जिसकी जांच करने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा को बिना बिल के विक्रय होने जा रहे घी का मिलावटी होने का संदेह हुआ जिस पर विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की आर्दश प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाडन पर टेम्पो ट्रक में भरे माल को खाली करवाया गया। एफएसओ द्वारा टेम्पो ट्रक के चालक शक्ति सिंह रावत से पूछतात करने पर बताया कि श्री श्याम फुड प्रोडेक्ट अजमेर के निर्माण एवं उत्पादक इकाई से घी व वेज फेट टेम्पो ट्रक में भरवाया गया, जो पाली जिले के विभिन्न गावों में दुकान व प्रतिष्ठानों पर विक्रय हेतु जा रहा था। मामले को गम्भीरता से लेते हुये खाद्य सुरक्षा अधिकारी व सीएमएचओ ने जब्त सभी खाद्य पदार्थ को सीज कर उनके सेम्पल लिये। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल के साथ फुड सैफ्टी टैक्निशियन खुशाल चन्द सैन, ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत, लक्ष्मणदान चारण उपस्थित रहे।

डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावट के रोकथाम पर कार्रवाई करते हुये टेम्पो ट्रक से 6 ब्रांड के घी व वेज फेट जब्त किये इनमे घी ब्रांड सरल, नमस्ते कृष्णा, श्री राजंवशी सुपर सारथी घी, सरल के 15 किलो टीन व वेज फेट डेयरी सरस रिफायड पॉम ऑयल सारस कुंकीग मीडियम ऑयल सहित आधा लीटर एक लीटर व पांच लीटर घी की सामग्री को सीज किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधीकरण द्वारा बनाये गये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 कानून के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट का संदेह होने होने पर अजमेर के सराधना स्थित श्री श्याम फूड प्रोडेक्टस निर्माण एवं उत्पादक इकाई द्वारा बाजार में विक्रय के लिए जाने वाले घी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मय दल द्वारा तेज बारीश के बावजूद देर रात 12 बजे तक कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

तकनीकी समस्या के चलते मुंबई से जोधपुर आने वाली फ्लाइट रद्द

एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 645 को तकनीकी समस्या के चलते रद्द करना पड़ा

- **यात्रियों ने एयर इंडिया की ओर से समुचित जानकारी और वैकल्पिक व्यवस्था नहीं मिलने की शिकायत एयरपोर्ट प्रशासन और एयर इंडिया अधिकारी से की, रिफंड जल्द उपलब्ध कराने की मांग की, यात्रियों ने नाराजगी जताई**

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर आने वाले यात्रियों के लिए शुक्रवार की सुबह निराशाजनक रही, जब एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 645 को तकनीकी समस्या के चलते रद्द करना पड़ा। यह फ्लाइट मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह 9.15 बजे उड़ान भरने वाली थी और इसे जोधपुर में सुबह 11.05 बजे लैंड करना था लेकिन उड़ान से कुछ देर पहले ही एयरलाइंस को विमान में तकनीकी खराबी की सूचना मिली। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एयर इंडिया प्रबंधन ने तत्काल उड़ान रद्द करने का निर्णय लिया।

इस फैसले के बाद यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर उन्हें जिनको जरूरी कार्यों के लिए यात्रा करनी थी। फ्लाइट के रद्द होने की जानकारी यात्रियों को अंतिम समय में मोबाइल मैसेज के माध्यम से दी गई, जिससे कई यात्री असमंजस की स्थिति में आ गए। कुछ यात्री पहले से एयरपोर्ट पहुंच चुके थे, जिनमें वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। उन्हें वैकल्पिक उड़ान की तलाश करनी पड़ी या फिर अन्य माध्यमों से यात्रा के लिए रवाना हुए।

यात्रियों ने एयर इंडिया की ओर से समुचित जानकारी और वैकल्पिक व्यवस्था नहीं मिलने की शिकायत एयरपोर्ट प्रशासन और एयर इंडिया अधिकारी से की।

यात्रियों ने एयर इंडिया से वैकल्पिक उड़ान की सुविधा या पूरा रिफंड जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है। कई यात्रियों का कहना है कि उन्हें न तो काउंटर पर सही जानकारी मिल पाई और न ही हेल्पलाइन से कोई संतोषजनक जवाब मिला। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की और एयरलाइन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-चित्तौडगढ

क्रमांक-टी.एस./2025-26/डी-632 दिनांक-07.06.2025

NOTICE INVITING BID - 11/2025-26

Bids for Construction of Atal Pragati Path Satpura Road to Retuliya Chowk (Ghosunda) in Division Chittorgarh Procurement are invited from interested Bidders upto 6.00 PM of 23.06.2025 Other particulars of the Bid may be visited on the Procurement Portal (http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state website. The approximate value of the Procurement in Rs. 15797033.00

NIB CODE-PWD2526A1182

UBN No.-PWD2526WSOB04031

Executive Engineer PWD Dn. Chittorgarh

DIPR/C/7858/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा

क्रमांक : 420 दिनांक : 9-6-2025

निविदा सूचना संख्याः 08/2025-26 खण्ड मालपुरा

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में सडक/ भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए", "बी", "सी", "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code	PWD2526A1187	6	PWD2526WSRC04064
1	PWD2526WLOB04051	7	PWD2526WSRC04065
2	PWD2526WSOB04053	8	PWD2526WSRC04066
3	PWD2526WSOB04057	9	PWD2526WSRC04067
4	PWD2526WSRC04062	10	PWD2526WSRC04068
5	PWD2526WSRC04063	11	PWD2526WSRC04069

DIPR/C/7797/2025 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा

ENGINEERING COLLEGE BHARATPUR HOSTEL

(A Constituent College of Rajasthan Technical University, Kota)

Village-Shyorana, Near Sewar & National Highway-11, Bharatpur

क्रमांक : GECBH/HOSTEL/2025-26/11 दिनांक : 19.06.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के छात्रावासों में मैस संचालन मय खाद्य सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय की बेवसाइट www.ecbharatpur.ac.in एवं कार्यदिवस पर महाविद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

-प्राचार्य

इंग्लिश मीडियम स्कूलों को 10 महीने बाद भी शिक्षक नहीं मिले

- **आक्रोशित शिक्षकों माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में विरोध प्रदर्शन किया**

बीकानेर, (निसं)। प्रदेश के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन हो गया है। पिछले साल 25 अगस्त को हुई परीक्षा में सिलेक्ट हुए शिक्षकों को अभी तक इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पोस्टिंग नहीं मिली है। पदस्थापन में विलंब से शिक्षकों में नाराजगी है।

आक्रोशित शिक्षकों माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन पर प्रदर्शन करके स्टाफ ऑफिसर डॉ. अशोक कुमार शर्मा, उप निदेशक (प्रशासन) वीणा सोलंकी को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जल्द पदस्थापन की प्रक्रिया शुरू करने, शिक्षा विभाग में तबादलों के लिए स्थाई तबादला नीति बनाने, तीन सत्रों की वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की बकाया पदोन्नति व अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक की बकाया सभी सत्रों पदोन्नति अतिशीघ्र करवाने व समग्र शिक्षा के कार्यालय के 1382 पदों के लिए इंटरव्यू का परिणाम जल्द जारी करने से संबंधित मांग शामिल हैं। उधर, शिक्षक संघ रेसला के प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी गोदारा के नेतृत्व में भी शिक्षकों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर विरोध प्रदर्शन कर अंग्रेजी माध्यम में स्कूलों में चयनित शिक्षकों को जल्द से जल्द पोस्टिंग देने की मांग की। वार्ता में सहमति नहीं बनने पर शिक्षक संघ रेसला ने शिक्षा निदेशालय पर अनिश्चितकालीन धरना लगाने का निर्णय लिया है।

आयोजना एवं परिवेक्षण निदेशालय

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)

क्रमांक-डीपीएम/सीसी/मप्रकृप्रौविवि/निविदा-01/2025-26/6095 दिनांक : 20.06.2025

ई-निविदा सूचना-01 (2025-26)

माननीय कुलपति महोदय, म.प्र.कृ.प्रौ.वि.वि. उदयपुर की ओर से कलर प्रिन्टिंग कार्य करने हेतु (अनुमानित लागत रू. 20 लाख), मुहरबन्द निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। समस्त शर्ते एवं विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov. in, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.mpuat.ac.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN No. ATU2526SLRC00109 निदेशक, आयोजना एवं परिवेक्षण निदेशालय

Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli

No. 742 Date: 13-06-2025

NOTICE INVITING BID

NIB No 14/2025-26

Bids for Gabian stracture work Project PMKSY2.0 Block - Mandrail of estimated value INR 224.17 Lacs [01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 23-06-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.

NIB CODE:- WSC2526A0304

UBN NO- WSC2526WSRC00504

Superitending Engineer and Project Manger WCDC Zila Parishad Karauli

DIPR/C/8227/2025

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर

क्रमांक-एफ( )/निविदा/2025-26/628 दिनांक-11.06.2025

NOTCE INVITING BID NIT NO 05/2025-26

Bids for NRM Works Under PMKSY 2.0 project area in Ahore of estimated Value INR 27.99 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 24-06-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://Sppp. rajasthan.gov.in) of the state.

NIT NO.	Work Name & Block	NIB NO.	UBN NO.
NIT-05/ 2025-26	Open Air Gym, Tine shed & Stage in play Ground and balvatika (Ahore)	WSC2526 A0287	WSC2526 WSRC00483

(Laxman Singh Sandu) SE & PMWCDC, ZILA PARISHAD JALORE DDO CODE NO. 28606

DIPR/C/8207/2025

Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli

No. 739 Date: 12-06-2025

NOTICE INVITING BID

NIB No 13/2025-26

Bids for Talab, talai, Periferal band work Project PMKSY2.0 Block - Mandrail of estimated value INR 68.50 Lacs [01 Package) are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 22-06-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.

NIB CODE:- WSC 2526 A0294

UBN NO- WSC, 2526 WSRC00491

Superitending Engineer and Project Manger WCDC Zila Parishad Karauli

DIPR/C/8123/2025

जोधपुर में डॉक्टर्स का पूर्ण कार्य बहिष्कार

जोधपुर, (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के फार्मेसी विभाग के रेजिडेंट डॉ. राकेश विश्नोई के 13 जून को सेल्फाश खाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सातवें दिन शुक्रवार को भी नहीं सुलझ पाया। जयपुर के एसएमएस अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन जारी है। साथ ही अब जोधपुर में डॉक्टर्स ने पूर्ण कार्य का बहिष्कार आज से कर दिया। मामले में अभी तक डॉ. एसएन. मेडिकल कॉलेज प्रशासन और सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने से जोधपुर में रेजिडेंट डाक्टर्स भी हड़ताल पर उतर गए हैं। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष हीरालाल और महासचिव रंजीत चौधरी आपात स्थिति में सेवाएं दे रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. राकेश विश्नोई के आत्महत्या प्रकरण में न्याय की मांग को लेकर जोधपुर रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसियेशन जोधपुर से जुड़े करीब पांच छह सौ डॉक्टर्स हड़ताल पर उतर गए हैं।

रिश्वत मांगने के मामले में मोकलसर सरपंच निलंबित

- **एबीसी ने 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रेप किया था**
- **निलंबन अवधि के दौरान किसी भी पंचायत कार्य या कार्रवाई में भाग नहीं ले सकेगा सरपंच**

सूरतगढ़, (निसं)। उपखंड की ग्राम पंचायत मोकलसर के सरपंच गणेशाराम गोदारा को प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि स्वीकृत करने के बदले रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 38(4) के तहत की गई है। निलंबन आदेश अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव इन्द्रजीत सिंह ने जारी किया।

मामले की शिकायत मोकलसर के वार्ड नंबर पांच के निवासी गणेशाराम कुम्हार ने दर्ज करवाई थी। शिकायत में कहा गया था कि सरपंच गणेशाराम गोदारा ने उनके पिता गोविंदराम कुम्हार से प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के लिए 12,000 की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के अनुसार 24 मई 2025 को सरपंच ने 10,000 नकद ले लिए थे। इस मामले को एसीबी ने गंभीरता से लिया और सरपंच को कर्तव्यों में लापरवाही और अपकीर्तिकर आचरण का दोषी पाया। जिसके बाद उसे रंगे हाथ ट्रेप करने के लिए जाल बिछाया गया और कार्रवाई को अंजाम देते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। निलंबन के बाद सरपंच को आरोप पत्र जारी किया गया है और वे निलंबन अवधि के दौरान किसी भी पंचायत कार्य या कार्रवाई में भाग नहीं ले सकेंगे।

एसीबी की हनुमानगढ़ और बीकानेर की टीमों ने 24 मई को बड़ी कार्रवाई अंजाम देते हुए सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोकलसर के सरपंच गणेशाराम गोदारा को 10,000 रुपए रिश्वत लेते पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित आवास से रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

एसीबी के महानिदेशक के मुताबिक एबीसी हनुमानगढ़ चौकी को शिकायत मिली थी कि मोकलसर सरपंच गणेशाराम गोदारा पंचायत क्षेत्र के निवासी परिवादी के पिता के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि स्वीकृत करवाने के बदले 12,000 रुपए रिश्वत मांग रहा था। शिकायत की सत्यता जांचने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और सरपंच गणेशाराम को 10,000 रुपए रिश्वत लेते मौके पर गिरफ्तार किया था।

राजस्थान सरकार

कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक-F.32(B) (Model Shop)EX/L/2025-26-05066/170 दिनांकः 18.06.2025

मॉडल शॉप्स (Model Shops) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा कमांक प.4 (1) वित्त/आब/2025 दिनांक 29 जनवरी, 2025 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 के प्रावधानानुसार मॉडल शॉप्स की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिये विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती है :-

क्र.सं.	नीलामी की दिनांक	नीलामी का समय
1	07-07-2025	प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक

1. ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in से अपने के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रकियानुसार दिनांक 20.06.2025 प्रातः 11.00 बजे से एक बारीय पंजीकरण करने उपरान्त ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in पर ""Citizen"" केटेगरी के अन्तर्गत SSO ID बनाना होगा।
2. नीलामी एक कार्य दिवस में न्यूनतम पांच घण्टे की होगी एव उसके पश्चात् जब तक बोली लगती रहे तब तक 10 मिनट के अनन्त विस्तार (indefinite extension) तक जारी रहेगी।
3. बोलीदाता को कम से कम रू. 10,000/- अथवा रू. 10,000 के गुणांक मे बढाकर बोली लगानी होगी।
4. राज्य में शहरीय क्षेत्र जयपुर शहर में 05, जोधपुर में 02, उदयपुर में 02, माउन्ट आबू व आबूरोड एवं अन्य शहरों में एक-एक मॉडल शॉप आवंटित की जायेगी।
5. मॉडल शॉप की न्यूनतम रिजर्व प्राईस जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, माउन्ट आबू तथा आबूरोड के लिये राशि रूपये 1 करोड प्रति मॉडल शॉप तथा अन्य शहरों के लिये राशि रूपये 50 लाख प्रति मॉडल शॉप निर्धारित है।
6. बोलीदाता एक बार में रिजर्व प्राइस / पिछली बोली से 10 प्रतिशत से अधिक राशि बढाकर बोली नही लगा सकेगा।
7. ऑनलाईन नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रति मॉडल शॉप का आवेदन शुल्क रूपये 50,000/- निर्धारित है, जो की अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा।
8. मॉडल शॉप्स का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राशि का विवरण विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
9. ऑनलाईन नीलामी में SSO ID के माध्यम से भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मॉडल शॉप का चयन कर आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि यथासंभव नीलामी की तिथि से एक दिवस पहले रात 11.59 तक https://iems.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर बोलीदाता के ऑनलाईन भुगतान द्वारा इस वेबसाईट पर जमा हो जानी चाहिये। ऐसा करने से बोलीदाता विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बच सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान नही होने या अन्यथा तकनीकी कारणों से निर्धारित राशियां जमा नही होने के कारण बोली में भाग नहीं ले पाने के लिये आवेदक स्वंय जिम्मेदार होगा।
10. प्रत्येक मॉडल शॉप के लिये ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित न्यूनतम रिर्जव प्राईस की 2 प्रतिशत राशि अमानत राशि के रूप में आवेदन के साथ जमा करायी जानी है। बिड राशि के अनुसार अतिरिक्त अमानत राशि (Dynamic Earnest Money) भी जमा करानी होगी
11. सफल बोलीदाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स ई-नीलामी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तो, जो विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है के अनुसार जमा करानी होगी।
12. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा-धरोहर राशि, स्वीकृत वार्षिक गारंटी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि खारिज की जायेगी।
13. वर्ष 2025-26 के पात्र अनुज्ञाधारियों को वर्ष क्रमशः 2026-27, 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तो पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
14. बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29, समस्त दिशा-निर्देश, प्रक्रिया एवं शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया जाना चाहिये।
15. मॉडल शॉप के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
16. ई-नीलामी के संबंध में अन्य सभी प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेगे।

(शिवप्रसाद नकातें)

आबकारी आयुक्त, राजस्थान

DIPR/C/8151/2025

मानसून की बारिश ने जयपुर की सड़कों की पोल खोली

कहीं सड़क बही तो कहीं मिट्टी के अंदर ही सड़क और उस पर खड़े वाहन धंस गए



जयपुर में बीते दो दिनों से हो रही मानसून की बारिश से शहर में कई जगहों पर सड़कें धंस गई। मुहाना क्षेत्र में तो मिट्टी कटाव के कारण वहां खड़ी गाड़ियां ही करीब 3 फीट नीचे जा पहुंची।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मानसून की शुरूआत के साथ राजधानी जयपुर में हुई महज आधे घंटे की बरसात ने सड़कों की पोल खोल कर रख दी। कई जगह सड़कों पर गड्ढे हो गए तो कहीं कारें ही सड़क के साथ मिट्टी में धंस गई। इन सब कामों में जेडीए के इंजीनियर्स की लापरवाही सामने आई है। विशेषकर जोन 5 और पृथ्वीराजनगर दक्षिण है। काम में हुई लापरवाही की कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। सब एक-दूसरे पर मामला टालने की कोशिश कर रहे है।

■ **गंगा-जमुना पेट्रोल पंप, निर्माण नगर और मुहाना क्षेत्र में मामले सामने आए**

बारिश के दौरान जोन 5 में तीन जगहों पर बड़े गढ्ढे हो गए। गंगा-जमुना पेट्रोल पंप और निर्माण नगर की तरफ तीन बड़े गढ्डे हो गए हैं। निर्माण नगर की तरफ हाल ही जेडीए ने सड़क निर्माण कराया था। उस समय सड़क की घटिया क्वालिटी को लेकर स्थानीय निवासियों और आतिश मार्केट के दुकानदारों ने नाराजगी भी जताई थी।

परंतु जेडीए प्रशासन ने यहां सड़क बनाने वाली फर्म मैसर्स गोकुलनाथ की धांधली पर आंखें मूंद ली। इस फर्म ने जो सड़क बनाई है, वह इस मानसून के अंत तक भी टिक जाए तो बड़ी बात होगी। यह बातें इसलिए कही जा रही है, क्योंकि पहली ही बारिश में सड़क उधड़ गई। मिट्टी में कटाव होते ही यह पूरी सड़क को ले बैठी। टोरेंट गैस कंपनी ने भी यहां सड़क की खुदाई का काम कराया था। मौके पर निर्माण के समय तो इंजीनियर्स फील्ड से गायब रहते है, अब जब पोल खुल रही है तो सभी अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर टालने में लगे है।

सीवर के काम में भी खामियां

जेडीए ने हॉल ही पृथ्वीराजनगर में 100 रुपए की लागत से सीवरलाइन डालने का काम शुरु कराया था। यह काम जेडीए की पीआरएन दक्षिण की पीएचई शाखा कर रही है। यह काम मुहाना मंडी के पास इस्कान रोड से शुरु हुआ है। पारूल कंस्ट्रक्शन के नाम टेंडर खुला है। कंपनी यहां मिट्टी खोद कर सीवर लाइन डाल रही है लेकिन सीवर के पाइप सीधे मिट्टी में डाले जा रहे हैं, जबकि पहले मिट्टी की खुदाई करने के बाद नीचे सीमेंट रोडी कंक्रीट का आधार बनाया जाता है उसके बाद बाक्स डाला जाता है, ताकि बरसात या पानी में लीकेज होने के कारण नीचे की मिट्टी ढहे नहीं। परंतु ठेकेदार पैसे बचाने के चक्कर में सीधे मिट्टी में बाक्स डाल देते है जिससे मिट्टी पानी के साथ बह जाती है। इस खुली लापरवाही के बावजूद जेडीए के इंजीनियर्स, ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जोन 5 में सड़क निर्माता ठेकेदार गोकुलनाथ से कोई जवाबदारी नहीं मांग रहा, वहीं जेडीए की पीआरएन की पीएचई विंग भी पारूल कंस्ट्रक्शन को बचाने में जुट गई है। जेडीए के अफसरों ने उसे नोटिस तक नहीं दिया है।

मेडिकल स्टोर व दवा निर्माता पर 21 हजार रुपए हर्जाना

■ **दवा की स्ट्रिप में टेबलेट नहीं निकलने पर उपभोक्ता आयोग ने लगाया**

जयपुर (कासं) । जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय ने मरीज को दी गई मेडिसिन की स्ट्रिप में टेबलेट्स नहीं निकलने और उससे दवाई की पूरी राशि लेने को अनफेयर ट्रेड प्रेक्टिस करार देते हुए मैसर्स सात्विक मेडिकल स्टोर व फार्मा कंपनी लोगोस पर 21 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने विपक्षी को निर्देश दिया है कि वे स्ट्रिप में नहीं निकली टेबलेट्स की राशि उसे परिवाद दायर होने से 9 प्रतिशत ब्याज सहित वापस करे। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य पवन कुमार भारद्वाज ने यह आदेश रितू काला व देवांग काला के परिवाद पर दिया।

परिवाद में कहा गया कि 3 जून 2024 को परिवादी की स्किन पर चकते होने पर उन्होंने डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर के परामर्श के बाद 3,159 रुपए के बिल का भुगतान किया, जबकि मेडिसिन 3,158 की थी। वहीं कुछ स्ट्रिप में टेबलेट्स ही नहीं निकली। इसके अलावा स्ट्रिप व बिल में टेबलेट्स की एक्सपायरी डेट भी अलग-अलग अंकित की गई। इस गफलत के चलते उन्होंने टैबलेट का सेवन नहीं किया और 6 जून को एसएमएस अस्पताल में दिखाया। जहां उन्हें निशुल्क दवाइयां मिली। परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने विपक्षी से स्ट्रिप में नहीं निकली टेबलेट्स की राशि लौटाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसे उपभोक्ता अदालत में चुनौती देते हुए विपक्षी से हर्जा-खर्चा सहित टेबलेट्स की राशि दिलवाए जाने का आग्रह किया।

भू-माफिया गिरोह का पर्दाफाश किया मानसरोवर थाना पुलिस ने

■ **फर्जी कागजात बनाकर करोड़ों के भूखंडों पर कब्जा करते थे बदमाश**

जयपुर । मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी कागजात बनाकर करोड़ों के भूखंडों पर कब्जा करने वाले भू माफिया गिरोह को पकड़ा है और शातिर हिस्ट्रीशीटर श्याम सिंह और राजेश तंवर गिरफ्तार किया है।

आरोपित गुर्जर की थड़ी स्थित चंपानगर कॉलोनी में करोड़ों के भूखंड पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू किया था। जहां आरोपियों ने सोसाइटी से मिलीभगत करते हुए भूखंड के फर्जी डॉक्यूमेंट बना लिए थे। पुलिस जानकारी में सामने आया कि परिवादी नारायण संगतानी ने 1998 में इकरारनामा के जरिए प्लाट क्रय किया था। प्लॉट को संभालने के दौरान श्याम सिंह और राजेश तंवर का कब्जा मिला। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवादी को मौके से भगाया। पुलिस जांच में सामने आया कि प्लॉट की मूल आवंटी पुष्पा देवी की मौत के 3 वर्ष बाद आरोपी राजेश तंवर ने इस फर्जीवाड़े के खेल को रचा और फर्जी इकरारनामा तैयार कर क्रेता बनकर प्लॉट की रजिस्ट्री करवा ली थी। आरोपी श्याम सिंह के खिलाफ पुलिस रिकॉर्ड में डेढ़ दर्जन से ज्यादा धोखाधड़ी समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज है। साथ ही आरोपी श्याम सिंह मुरलीपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

सार-समाचार

अवार्ड मिलने पर अनीता सोनी का सम्मान

जयपुर । सीआईआई फाउंडेशन द्वारा हाल ही बाड़मेर की अनीता सोनी को वूमेन एग्जेमप्लेयर अवॉर्ड से नवाज़े जाने पर बाड़मेर में सोसायटी टू अपलिफ्ट रूरल इकोनोमी (श्योर) की और से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था की संयुक्त सचिव डॉ. लता कच्छवाहा ने बताया कि सीआईआई फाऊण्डेशन दिल्ली द्वारा वूमेन एग्जेमप्लेयर अवार्ड का आयोजन किया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं में से 10 राज्यों की 20 महिलाओं को फाइनल लिस्ट में जगह मिली। उनमें से बाड़मेर से अनीता सोनी को चुना गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री अन्नपूर्णं देवी एवं श्रम विभाग के मंत्री मनसुख मांडविया ने चयनित महिलाओं को अवार्ड के रूप में स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं एक लाख रूपये की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। अनीता सोनी ने यह राशि महिलाओं के हित के कार्यों में लगाने का फैसला किया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष नरेन्द्रकुमार तनसुखानी ने बताया कि बाड़मेर जिले के दाखा गावं की अनिता सोनी जिले की असहाय, कमजोर और एकल महिलाओं के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए लम्बे समय से कार्य कर रही है। उनका सम्मान जिले और प्रदेश के लिए के लिए गौरव की बात है। थार ऑर्टीजन्स की डारेक्टर जरीना सियोल ने कहा कि अनीता सोनी ने अपने जीवन के संघर्ष के बाद जो जज्बा दिखाया है वो काबिले तारीफ है। संस्था के लेखाकार धेवरचन्द प्रजापत और गणेश केला ने भी कहा कि अनिता सोनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यकम में समाजसेवी और संस्था सदस्य महेन्द्र सिंह कच्छवाह, हनुमान राम चौधरी, मीना, राजेन्द्र सोनी, बाबू सिंह, यासीन इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। सम्मान समारोह में अनीता सोनी को शॉल ,गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र कुमार तनसुखानी द्वारा किया गया।

900 करोड़ रु. से ज्यादा के लोन दिए

जयपुर । आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने ग्राहकों को ट्रेडिशनल पॉलिसीज़ के जरिए 900 करोड़ रुपए से ज्यादा के लोन दिए। यह लोन अगेंस्ट पॉलिसी (पॉलिसी के बदले लोन) की सुविधा ग्राहकों के लिए बहुत फायदेमंद रही, क्योंकि इससे उनकी लॉन्ग-टर्म सेविंग प्लान पर असर डाले बिना तत्काल फंड मिल सका। इस दौरान, कंपनी ने 42 हजार 700 से ज्यादा ग्राहकों को इस लोन की सुविधा दी। यह जानकारी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर अमीश बैंकर ने दी है। उन्होंने बताया कि ''लाइफ इंश्योरेंस एक लॉन्ग-टर्म प्रोडक्ट है, और इस दौरान ग्राहकों को कभी-कभी फंड की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में लोन अगेंस्ट पॉलिसी सुविधा से उनका सेविंग प्लान प्रभावित नहीं होता। खास बात यह है कि ग्राहक अपनी पॉलिसी की सरेंडर वैल्यू का 80 प्रतिशत तक लोन ले सकते है। वित्त वर्ष 2024-25 में 98 प्रतिशत से ज्यादा लोन 24 घंटे के भीतर जारी किए गए।

एसीएमई सोलर ने साइन किया पीपीए

जयपुर । भारत की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड (एसीएमई सोलर) ने राजस्थान में अपने 250 मेगावॉट के फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) प्रोजेक्ट के लिए एनएचपीसी लिमिटेड (जो एक ट्रिपल-ए रेटेड सरकारी उद्यम है) के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) साइन किया। यह समझौता 4.56 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की दर पर हुआ है, जिसमें न्यूनतम 40 प्रतिशतवार्षिक क्षमता उपयोग (सीयूएफ) और रोजाना 4 घंटे की पीक पावर की 90 प्रतिशत जरूरत को पूरा करना शामिल है। इस पीपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद, एसीएमई सोलर का पीपीए-साइन किया हुआ पोर्टफोलियो 5130 मेगावॉट का हो गया है, जिसमें से 2826.2 मेगावॉट पहले से ही चालू है, और बाकी विभिन्न चरणों में लागू हो रहा है। इसके अतिरिक्त, कंपनी के पास 1,840 मेगावॉट की एक मजबूत पाइपलाइन है, जिसके लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) प्राप्त हो चुका है। एसीएमई सोलर के कुल पोर्टफोलियो में 86 प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय सरकारी उद्यमों के साथ और बाकी 14 राज्य बिजली वितरण कंपनियों के साथ है।

सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर संपन्न

जयपुर । सिटी पैलेस जयपुर में एक महीने तक चले सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का हर्षोल्लास के साथ समापन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में प्रतिभागियों ने शिविर के दौरान सीखी ध्रुवपद, जयपुर घराने का कथक, राजस्थानी लोक नृत्य, बांसुरी जैसी विभिन्न पारम्परिक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं, समारोह में प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई प्राचीन आला गिला, आराईश (फ्रेस्को), ठीकरी कला, पारंपरिक पेंटिंग्स की प्रदर्शनी को भी दर्शकों ने खूब सराहा। इस एक माह तक चले शिविर में प्रतिभागियों ने वैदिक ज्योतिष का ज्ञान भी प्राप्त किया। शिविर का आयोजन महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट द्वारा पारम्परिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था रंगरीत तथा सरस्वती कला केन्द्र के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी, रमा दत्त उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों का माला पहनाकर और प्रमाण-पत्र देकर सम्मान किया। इस प्रशिक्षण शिविर का समन्वय सिटी पैलेस के कला एवं संस्कृति, ओएसडी, चित्रकार रामू रामदेव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पूर्व राजपरिवार द्वारा हर वर्ष किया जाता है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा पारंपरिक कलाओं का संरक्षण और संवर्धन करना है। इस वर्ष शिविर में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ।

बीज वितरण 21-22 जून को भी होगा

जयपुर । राज्य में मानसून का आगमन होने के कारण किसानों के द्वारा बुवाई की जा रही है। बुवाई पूर्व कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में बीज मिनिकिट, प्रमाणित बीज वितरण एवं फसल प्रदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं को बीज वितरण किया जा रहा है। बीज का वितरण सुनिश्चित करने के लिए 21 और 22 जून को राजकीय अवकाश के दिन अतिरिक्त निदेशक कृषि (वि0). खण्ड स्तर से कृषि पर्यवेक्षक स्तर तक के कार्यालय तथा आयुक्तालय स्थित संबंधित अनुभाग खुले रहेंगे।

बस के नीचे आने से युवक की मौत

जयपुर (कासं)। आदर्श नगर थाना इलाके में बस से उतरने के दौरान एक युवक टायर के नीचे आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बासपदमका पटौदी हरियाणा ने मामला दर्ज करवाया कि उसका दोस्त दुलीचंद हरियाणा रोडवेज में बैठकर जयपुर आ रहा था। गोविंद मार्ग पर बस से उतरने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह टायर के नीचे आ गया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना 19 जून की रात करीब साढ़े दस बजे की बताई जा रही है। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व कर रही है।

नकली सिगरेट बेचने वाले दो गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली सिगरेट की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। मानसरोवर एसएचओ लखन सिंह खटाना ने बताया कि नकली सिगरेट की सप्लाई करने वाले गिरोह के सदस्य मनोज और दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से गोल्ड फ्लैक ब्रांड के 5000 नकली सिगरेट के पैकेट जब्त किए है। आरोपित इनोवा गाड़ी से दुकानों पर सप्लाई कर रहे थे सप्लाई। इस संबंध में आईटीसी कंपनी के प्रतिनिधियों की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी।

राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए कार्य करें : बागड़े

■ **राज्यपाल ने गोवा, सिक्किम, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के लोगों से किया संवाद**

जयपुर । राजभवन में शुक्रवार को गोवा, सिक्किम, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल राज्यों का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान इन राज्यों के स्थानीय निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनसे संवाद किया।

उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के तहत राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी संस्कृति से हम सदा जुड़े रहें। उन्होंने राज्यों के निवासियों को अपनी मातृभूमि और वहां की परम्परा, संस्कृति से जुडे रहने के साथ जहां निवास कर रहे हैं उस राज्य के विकास में सहभागी बनने का भी आव्हान किया। राज्यपाल ने कहा कि गोवा आजादी के बाद भी पुर्तगाल के कब्जे में था। इसके लिए बाकायदा सत्याग्रह आंदोलन हुआ। महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों से लोगों ने गोवा मुक्ति संग्राम में भाग लिया। कर्नाटक केसरी कहे जाने वाले जगन्नाथ जोशी सहित सुधीर फड़के आदि ने गोवा की आजादी में महती भूमिका निभाई। उन्होंने गोवा को देश का सुंदर पर्यटन स्थल बताते हुए वहां की लोक संस्कृति से भी प्रेरणा लेने का आ ान किया। उन्होंने तेलंगाना के नए राज्य बनने की चर्चा करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों की ही राजधानी हैदराबाद रखी गयी। राज्यपाल ने पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम को प्रकृति का उपहार बताते हुए कहा कि यह छोटा सा परन्तु भारतीय संस्कृति में रचा-बसा प्रदेश है। लघु तिब्बत के रूप में यह जन-आस्थाओं से भी जुड़ा है। पश्चिम बंगाल भी आजादी आंदोलन का गढ़ है।

जयपुर में 2.51 लाख से ज्यादा लोग करेंगे योगाभ्यास

■ **कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने आमजन से की योग की अपील**

जयपुर । जयपुर जिले में शनिवार, 21 जून को ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से अधिक लोग योग का अभ्यास करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आमजन से योगाभ्यास करने एवं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के प्रभारी एवं आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि जिले का मुख्य कार्यक्रम सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगणों सहित 3 हजार से अधिक प्रतिभागी योगाभ्यास करेंगे। अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग पर 2000 प्रतिभागी, बिड़ला मन्दिर पर 600 प्रतिभागी, सिटी पार्क मानसरोवर में 200 प्रतिभागी, हवा महल के सामने 100 प्रतिभागी, पत्रिका गेट पर 700 प्रतिभागी, सेन्ट्रल पार्क में 600 प्रतिभागी, जलमहल की पाल पर 1000 प्रतिभागी, आमेर फोर्ट में 600 प्रतिभागी, श्री गलता जी मंदिर परिसर में 200 प्रतिभागी, सिटी पैलेस में 100 प्रतिभागी, श्री गोविन्द देव जी मंदिर में 200 प्रतिभागी, जयगढ़ फोर्ट में 100 प्रतिभागी कुल 9400 सम्मिलित होंगे।

ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने हवामहल के सामने शुक्रवार को व्यापारियों और आमजन के साथ योगाभ्यास किया।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के तत्वाधान में जयपुर के प्रमुख स्थानों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया गया है।

जयपुर शहर के विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों प्रमुख स्थानों के साथ-साथ उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास से पूर्व आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जमवाय माता मन्दिर, जमवारामगढ, शीतला माता मंदिर, चाकसू, शाकम्भरी माता मन्दिर, श्री दादू धाम पीठाधीश्वर मंदिर, नरैना, एवं ब्लॉक स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं सभी आयुर्वेद चिकित्सालय, औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में संभावित कुल 2.51 लाख लोगों को योगाभ्यास कराया जायेगा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में शुक्रवार को नीट यूजी 2025 परीक्षा में पूरे भारत में पहला स्थान प्राप्त करने वाले हनुमानगढ़ के छात्र महेश कुमार ने अपने परिजनों के साथ मुलाकात की। राज्यपाल ने महेश कुमार को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने महेश का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

ई-रिक्शा लूटने वाले दो गिरफ्तार

जयपुर । मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा लूट की वारदात करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से लूटा गया ई-रिक्शा भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा लूट की वारदात करने वाले श्रीनिवास कुशवाह उर्फ लल्लू निवासी भरतपुर हाल मुहाना और राहुल महावर निवासी करौली हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से रामपुरा फाटक से लूटा गया एक ई-रिक्शा भी बरामद किया है।

टैक्सी बुक करके लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

■ **चालक को बंधक बनाकर वारदात करते थे बदमाश**

जयपुर । मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैक्सी कार बुक करके चालक को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले तीन लुटेरों को बापर्दा गिरफ्तार किया है और साथ ही लुटेरों के पास से लूटी गई कार,मोबाइल और सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैक्सी कार बुक करके चालक को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले दिलखुश धोबी निवासी टोंक हाल मुहाना,विशाल जांगिड निवासी टोंक और चरत लाल गुर्जर निवासी टोंक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चालक से लूटी गई कार सहित मोबाइल और सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

चाकू की नोंक पर मुर्कियां लूटी

जयपुर । बिंदायका थाना इलाके में बकरियों के बाड़े में सो रहे एक व्यक्ति ने तीन बदमाशों ने चाकू दिखाकर डराया धमकाया और फिर उसके कानों से सोने की मुर्कियां तोड़कर ले गए। पुलिस के अनुसार हाथोज मोड सिरसी निवासी श्रवण गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया कि वह बकरियों के बाड़े में सो रहा था इसी दौरान तीन युवक आए और उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर डराया। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और फिर उसके कानों से सोने की मुर्कियां तोड़कर ले गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले।

प्रदेश में स्वास्थ्य महा-अभियान की तैयारी

■ **1 जुलाई से 'स्टॉप डायरिया' कैंपेन, 24 जून से शुरू होगा अंत्योदय संबल पखवाड़ा**

■ **ओआरएस-जिंक वितरण व जागरूकता की रणनीति भी बना रहा विभाग**

जयपुर (कासं)। बरसात के मौसम में दस्त जैसी बीमारियों की रोकथाम को लेकर राजस्थान सरकार पूरी तरह सक्रिय हो गई है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर किया जाएगा। इसके तहत तहसील टोंक में डॉ. बी.आर. अंबेडकर खेल स्टेडियम के इंडोर हॉल में, देवली तहसील में बीसलपुर बांध पर, मालपुरा उपखंड की डिग्गी तहसील में विजय सागर की पाल, नगर फोर्ट तहसील में मांडकलां, उनियारा तहसील के हाथी भाटा पर योगाभ्यास किया जाएगा। साथ ही, जिले के सभी प्रमुख कस्बों एवं ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हो और इसे अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य एवं मजबूत बनाता है।

स्वायत्त शासन विभाग ने दी गृह एवं नगरीय विकास कर पर छुट

- **30 सितम्बर तक जमा करवाने पर मूल बकाया में मिलेगी 50 प्रतिशत की छुट**
- **कोटपूतली नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किये जाने के बाद यूडी टैक्स जमा किये जाने को आवश्यक किया**

कोटपूतली। राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने गृह कर एवं नगरीय विकास कर में एकमुश्त राशि जमा करवाने पर शास्ति में छुट प्रदान की है। इस सम्बंध में विभाग के निदेशक इन्द्रजीत सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार आगामी 30 सितम्बर तक सम्पूर्ण बकाया गृह कर आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों एवं भवनों का एकमुश्त जमा कराने पर मूल गृह कर की राशि पर 50 प्रतिशत की छुट एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत की छुट प्रदान की जायेगी।

साथ ही वर्ष 2024-25 तक के नगरीय विकास कर की राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत छुट रहेगी। जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है। उन प्रकरणों में एकमुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छुट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिशत की छुट प्रदान की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद ने 31 मार्च 2025 तक 02.35 करोड़ यूडी टैक्स जमा किया था।

प्रोजेक्ट इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि इसमें 30 व 31 मार्च 2025 को अन्तिम दो दिनों में रिकॉर्ड 48 लाख रूपये यूडी टैक्स जमा किया गया था। जबकि 29 मार्च तक यह राशि 01.87 करोड़ थी। जो कि वर्ष 2023-24 में वसूले गये कुल यूडी टैक्स 01.58 करोड़ रूपये से कुल 29 लाख रूपये ज्यादा थी। इस वर्ष यूडी टैक्स वसूले जाने को लेकर विभिन्न व्यापारिक संस्थानों, औधोगिक ईकाईयों व अन्य भूखण्डों को 5285 डिमांड नोटिस व 2293 लीगल नोटिस जारी किये गये थे। दरअसल में कोटपूतली नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किये जाने के बाद यूडी टैक्स जमा किये जाने को आवश्यक किया गया है।

इसी के चलते इस वित्तीय वर्ष के अन्त में ब्याज व शास्ति पर सम्पूर्ण छुट प्रदान की गई थी। साथ ही मार्च के अन्तिम सप्ताह में ही यूडी टैक्स वसूले जाने में तेजी लाई गई थी। इस वर्ष अभी तक 4800 नोटिस बांटे गये है एवं 24 लाख की वसूली की जा चुकी है। प्रोजेक्ट इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि यह छुट नागरिकों के लिये बड़ी राहत है, क्योंकि इससे उन्हें अपने बकाया करों का भुगतान बिना किसी बोझ के करने का मौका मिल रहा है।

प्रदर्शन 23 जून को

फुलेरा। प्रांतिय कार्यकारणी, राजस्थान पेंशनर समाज जयपुर के अव्हान केन्द्र सरकार को पूर्व पेंशनर्स और वर्तमान पेंशनर्स में विभेद करने का अधिकार प्राप्त हो जाने के विरोध में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा द्वारा 23 जून को प्रात: 11:30 बजे उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक को ज्ञापन देगें।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

इंटरप्रिटिशन सेंटर बीजक रोड विराटनगर पर होगा योग

निरीक्षण करते एसडीएम ।

पावटा। 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। शुक्रवार को विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय समारोह की तैयारियों का अवलोकन किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।

जानकारी देते हुए विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान ने बताया कि विराटनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उपखंड स्तरीय समारोह इंटरप्रिटिशन सेंटर बीजक रोड विराटनगर में मनाया जायेगा। विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देश दिया सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं।

उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी और प्राथमिक चिकित्सा जैसी जरूरी सुविधाओं को लेकर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस बार के योग दिवस की थीम योग से स्वास्थ्य, योग से सशक्त समाज तय की गई है। कार्यक्रम में स्कूली छात्र, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और आम लोग मौजूद रहेंगे। इस दौरान उनके साथ आयुष चिकित्सक राजेंद्र वर्मा, नगरपालिका जेईएन हरिसिंह कुम्हार सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बावड़ी वाले बाबा का 2 दिवसीय वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ सम्पन

मनोहरपूर। पुरानी सड़क के पास वाली बावड़ी में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बावड़ी वाले सैय्यद बाबा का दो दिवसीय वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न हो गया। दरगाह के खादीम सलीम शाह उर्फ छित्तर बाबा ने बताया कि उर्स की शुरुआत 19 जून गुरुवार को झंडे की रस्म के साथ में हुई इसी के साथ में जायरिनों का आना शुरू हुआ। इसके बाद में बाबा के शाम को चिराग रोशन किया गया रात्रि 10 बजे बाद में राजस्थान की मशहूर कव्वाल सिकंदर वारसी एन्ड कव्वाल पार्टी द्वारा महफिले शमा का आयोजन किया गया जिसमें एक से बढ़कर एक कव्वाली सुनाकर जायरिनों को खुश कर दिया। शुक्रवार 20 जून को सुबह 4 बजे कूल की रस्म हुई इसी के साथ में पत्रकार और सराहनीय कार्य करने वाले तथा दूर दराज के आए हुए सूफियों का इस्तक़बाल किया गया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुक्दमा नम्बर 63/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री कौशलेन्द्र मिश्रा पुत्र श्री अरविन्द मिश्रा निवासी 3/56 यूआई.टी. कॉलोनी, आलमपुर भिवाडी, जिला खैरथल तिजारा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1969 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री दुर्गा मंदिर बीडीआई धमार्थ सेवा ट्रस्ट, फ्लेट नम्बर 1011 एमरॉल्ड 1 बीडीआई सनसाई सिटी, तहसील टपूकडा, जिला खैरथल-तिजारा के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 19 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तिया, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जायेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.08.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 64/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री रमेश पुत्र श्री फतेह सिंह बहादुरगढ़, निवासी झज्जर, हरियाणा-124507 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत न्यू लाईफ नशा मुक्ति फाउण्डेशन ट्रस्ट, बिलाहेडी (नियर पावर हाउस), औद्योगिक क्षेत्र, भिवाडी, तहसील टपूकडा, जिला खैरथल तिजारा के सम्बन्ध में जाच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युका प्रन्यास जिसकी जाच की जा रही है. में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्म अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.08.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर

सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302007

क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2025/444 दिनांक-19/6/2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की विज्ञिप्त संख्या 43 दिनांक 10.02.2023 को श्री नोशाद व गुलफाम कुरैशी मकान नं. 128 रहीम मंजिल की गली लकड़ी वालो का मोहल्ला एम.आई. रोड़ जयपुर क्षेत्रफल पंजिकृत विक्रय पत्र की सार्वजनिक आपत्ति सूचना जारी की गई थी। प्राप्त आवेदन पर जोन कार्यालय द्वारा कार्यवाही करते हुए मकान नं. 128 रहीम मंजिल की गली कड़ी वालो का मोहल्ला एम.आई. रोड़ जयपुर का प्रार्थी के नाम से पट्टा जारी कर दिया गया था। उक्त आपत्ति सूचना व पट्टे में सहवन से मकान नं. 135 के स्थान पर 128 दर्ज हो गया था जो विक्रेता पक्ष का मकान नम्बर है। इसे मकान नं. 128 के स्थान पर 135 संशोधित करते करने हेतु पराधीन है।

अतः उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी/गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के दिन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।

उपायुक्त, किशनपोल जोन
नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

आदेश 5 के नियम 1 और 5

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जोबनेर जि.जयपुर

गोविन्दराम बनाम गीतादेवी वगैरह

वाद पत्र सं. 15/2022

वाद विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा

बनाम-1- गोरादेवी पुत्री ईसरा, 2- रूकमीदेवी पुत्री ईसरा 3- अनुराधा पुत्री स्व. लादूराम 4- संजू पुत्री स्व. लादूराम, 5-सरिता पुत्री स्व.लादूराम समस्त जाति कुमावत निवासी आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर राज. 10-तहसील जोबनेर जिला जयपुर उपरोक्त आपके विरूद्ध उपरोक्त के वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 9/7/25 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है आप न्यायालय मे स्व्यं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्पक अनुदेश दिये गये हो और जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और दाखिल/सुजराई का दारवा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति मे हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराईके दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्व की जाने वाली सूची में प्रतिष्ठ करे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा।

यह वाद ता. 13/6/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मद्रा से लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

आज्ञा से-रीडर
उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

सार्वजनिक सूचना

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/4763-764 दिनांक : 16.06.2025

आवेदकान् श्रीमती अनीता रानी यादव पत्नी डॉ० ज्ञान चन्द यादव एवं श्री गौरव यादव पुत्र डॉ० ज्ञान चन्द यादव निवासी-B-5, न्यू सिविल लाइन्स, निकट सारस चौराहा, भरतपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 5, योजना आनन्द नगर, सारस होटल के पास, भरतपुर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 256.75 वर्गगज/214.67 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक में भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पट्टा विलेख क्रमांक 10094 दिनांक 07.08.2013, नगर निगम, भरतपुर जारी नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 445-46 दिनांक 15.07.2020 की प्रति, भवन निर्माण स्वीकृति क्रमांक 13024 दिनांक 11.03.2022 की प्रति, टोटल स्टेशन सर्वे की 4 प्रति, गूगल मैप सुपर इम्पोज की दो प्रति, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों की प्रतियाँ तथा भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु 3 साइट प्लान प्रस्तुत किये हैं। भू-उपयोग आवेदन पत्र व मानचित्र में अंकित आवेदित भूखण्ड का क्षेत्रफल 256.75 वर्गगज/214.67 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक में भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि 7 दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद संस्थानिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

आम-सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय फ्लैट नम्बर एस-1, सैकिण्ड फ्लोर, प्लॉट नम्बर बी-46, मंगल सिटी, हाथोज, कालवाड़ रोड, जयपुर राजस्थान में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गफीट है, उक्त सम्पत्ति को श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री राज बहादुर ने विक्रय पत्र दिनांकित 21.06.2013 द्वारा मैसर्स विनायक एण्टरप्राईजेज से खरीद किया था। यह कि कुछ समय पश्चात् श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री राज बहादुर का स्वर्गवास दिनांक 29.01.2023 को हो गया। श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री राज बहादुर की मृत्यु के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारीयो मे श्री राजबहादुर (पति), विवेक शर्मा (पुत्र) व तरूण शर्मा (पुत्र) उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक एवं स्वामी, काबिज हुए, श्री राजबहादुर व श्री विवेक शर्मा ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांकित 02.06.2025 द्वारा श्री तरूण शर्मा के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार श्री तरूण शर्मा उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुए। अब श्री राकेश खण्डेलवाल उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे है मेरे अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Bank Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस मे लिखित मे मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक-20.06.2025

केदार राम, एडवोकेट, मो.-9460943434/9799170016

---

eAuction For Salvage Disposal of Solar Panel Modules

E- Auction forms are invited for participating in e-auction for Disposal of Salvage of Solar Panel Module. On "As Is Where Is" basis, belonging to M/s Insolation Green Energy Pvt. Ltd.

Inspection can be done till: **26/06/2025**
Till 12 pm (Prior Appointment)
Contact: Mukul Gupta:+91-9999707373

Date of E auction is 26/06/2025 from 4 Pm onwards

E auction Forms with Earnest Money Deposit (EMD) to be submitted latest by **26/06/2025** up to by **2 Pm** at the auctioneer's address OR at seller's address.

E-Auction Portal is
www.rlasalvage.auction,
visit and register yourself.

Forms can be obtained from the details given below:

For Inquiries please contact:-
Mr. Mukul Gupta: +91-9999707373
R L Agarwal Salvage Solution LLP, Plot No. 18, Block C2, Sushant Lok Phase – 1, Gurgaon–122002.

NAME CHANGE

I army no 2703719W unit 5GDRS Ex NK Suresh Kumar Yadav S/O Damodar Prasad Yadav resident of village sundarpura post ramjipura tehsil kishangarh renwal district jaipur that have changed my son name which is wrongly entered my service record from YAJAT To YAJAT YADAV (DOB 27/9/2009) vide affidavit dated 19 jun 2025 before district notary Jaipur

---

खोया पाया

मेरे मकान नं. 112/20, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का राजस्थान हाउसिगं बोर्ड द्वारा लक्ष्मी व्यास, प्रीती तिवाड़ी, अदिती पारीक, रिचा गोयल के नाम से जारी किया गया नाम हस्तांतरण पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- 9829354846

मेरा नाम जगदीश प्रसाद पुत्र श्री बच्चू लाल से बदलकर जगदीश प्रसाद बैरवा कर लिया गया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना और पहचाना जाये। P.24, बैरवा मौहल्ला, सूजनपुरा, टोडाभीम, करौली राजस्थान

मेरे आवास संख्या 3/ब/49 जवाहर नगर जयपुर के असल दस्तावेजात आवंटन-पत्र, अदेय प्रमाण-पत्र, कब्जा प्रपत्र आदि कहीं गुम हो गये है मिलने पर मुझ शकुन्तला बल्दवा पत्नी स्व. श्री विष्णु स्वरूप बल्दवा उर्फ वी.एस. बल्दवा, बल्दवा परिसर गणेश मन्दिर के सामने मोती डूंगरी, जयपुर को सूचित करें। मो. 8766662351

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/कार्यो हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको – अजमेर के कार्यालय से ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **निविदा सं.:** 05-वर्कशॉप-अजमेर-2025-26, **कार्य का नाम:** अजमेर-रिनोवेशन एण्ड आगमेन्टेशन ऑफ एगजिस्टिंग मेन्टेनेन्स फेसिलीटीज व्हीलशॉप, बोगी शॉप, सपोर्ट शापस एण्ड ऑफिसेज टू केटर टू एनएमजीएचएस कन्वरजन वर्क एट कैरिज वर्कशॉप, अजमेर, **अनुमानित लागत:** रु.30520805.13, **धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी:** रु.302600/-, **निविदा की अंतिम तिथि:** 15.07.2025 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। **721-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/कार्यो हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको अजमेर के कार्यालय से ई-निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। **1. निविदा सं.:** 04- वर्कशाप-अजमेर-2025-26, **कार्य का नाम:** इम्प्रुवमेन्ट' इन वेगन मेंटेनेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एट अजमेर डीजल लोको एण्ड वेगन वर्कशाप एण्ड अपग्रेडेशन आफ मेंटेनेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर फेसिलिटीज आफ वेगन रिपेयर शॉप एट लोको वर्कशाप अजमेर, **अनुमानित लागत:** रु. 68058063.39, **धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी:** रु.490300.00, **निविदा की अंतिम तिथि:** 16.07.2025 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं। **723-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/379

चूंकि प्रार्थी श्री JAYESH BHATT, 62 FLAT NO A-F 2, SHRI KRISHNA NAGAR, MANSAROVAR JAIPUR RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास ब्रेन स्कूल फाउंडेशन, FLAT NO A-F 2 PLOT NO 62 SHRI KRISHNA NAGAR, MANSAROVAR, JAIPUR, RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 22/08/2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

कोर्ट सम्मन

न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय, खेतड़ी, राज.।

रामकुमार आदि बनाम बलबीर सिंह आदि

मु. नं.

आवेदन पत्र धारा 251 (क) राज. काश्तकारी अधिनियम बाबत प्राप्त करने रास्ता ।

प्रेषित:-

1. सुनिता पुत्री महावीर पत्नी महेश कुमार जाति अहीर निवासी शिमला हाल आबाद दुलोठ तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा
2. कुसुम पुत्री महावीर पत्नी राजेश जाति अहीर निवासी शिमला हाल खेड़ी तहसील झझर हरियाणा
3. नीतू पुत्री कृष्ण कुमार पत्नी कर्मवीर
4. पिंकी पुत्री कृष्ण पत्नी सुनील कुमार जाति अहीर निवासी शिमला हाल आबाद मुड़लाना तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा
5. हरीश पुत्र कृष्ण अहीर निवासी शिमला तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
6. उषा पुत्री माता मुन्नी पत्नी कृष्ण कुमार अहीर निवासी हाजीपुर कुण्ड तहसील व जिला रेवाड़ी हरियाणा
7. रायसिंह पुत्र रामसिंह
8. बबलू पुत्र शेर सिंह
9. संजय पुत्र सुमेर सिंह
10. रोहताश पुत्र कासीराम
11. कृष्ण पुत्र वासूदेव
12. सन्तोष देवी पत्नी वासुदेव

समस्त जाति अहीर निवासी शिमला तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में आवेदकगण ने धारा 251 (क) राज. का. अधिनियम के तहत रास्ता मांगा है जिसकी नकल संलग्न है। इस न्यायालय द्वारा दर्ज रजिस्टर कर लिया गया है। और इस आवेदनपत्र की सुनवाई दिनांक 14.07.2025 नियत की गई है। जिसका समय 10.00 बजे है। यदि इस आवेदन पत्र में आपकी ओर से आप स्वयं या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो आपकी अनुपस्थिति में सुनी व विनिश्चित की जायेगी।

यह आज तारीख 22/05/25 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई है।

रीडर न्यायालय उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

सार्वजनिक सूचना

क्रमांक : पट्टा शा०/न.नि.भ./2025-26/5059-5060 दिनांक : 19.06.2025

नगर निगम द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट का पट्टा 128 दिनांक 01.10.2021 श्री रशीद खां पुत्र भगवत, निवासी मौहल्ला गोपालगढ, भरतपुर के नाम जारी किया गया है। श्री रशीद खां द्वारा अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत दिनांक 21.12.2020 से उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल 198.76 वर्गगज में से 20×20 क्षेत्रफल 44.44 वर्गगज को श्री ताज मौहम्मद पुत्र स्व. बसीर खां को वसीयत अनुसार पूर्व में ही दे दिया गया था तथा शेष क्षेत्रफल 152.24 वर्गगज श्री रफीक मौहम्मद पुत्र स्व. रशीद खां को कर दिया गया है। अब आवेदक श्री रफीक मौहम्मद व श्री ताज मौहम्मद उक्त भूखण्ड में से अपने-अपने हिस्से का उप विभाजन व नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदक के पक्ष में उप-विभाजन कर नाम हस्तान्तरण आवेदकान् के पक्ष में किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (फ.स.), चौमूँ (जयपुर)

क्रमांकः- 149-160 दिनांकः-19-6-25

निविदा सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें / कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता / बोलीदाता फर्मो /व्यक्तियों से निविदायें/ बोली आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः-

क्र. सं.	कार्य / व्यवस्था का नाम	ठेके की अवधि	ठेके हेतु प्रक्रिया	निलामी बोली दिनांक एवं निविदा खोलने की दिनांक
1	जल एवम् प्रकाश व्यवस्था के संचालन हेतु	एक वर्ष	निविदा	26.06.2025

जल एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा / नीलामी से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, शर्तें व जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है।

DAM2526A0218

सचिव, कृषि उपज मंडी समिति (फ.स.), चौमूं जयपुर

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

क्रमांक :- 5820-31 दिनांक :-20/6/2025

निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस सवाई माधोपुर में विविध/ जनरल स्टोर, पुलिस लाईन, स0मा0 में उपलब्ध नकारा / नष्टीकरण योग्य सरकारी सामान जिसकी लागत 7,12,373/- रूपये (अक्षरे सात लाख बारह हजार तीन सौ तिहतर रूपये मात्र) की निलामी की जानी है। उक्त निलामी की खुली बोली दिनांक 07.07.2025 को प्रातः 12 बजे पुलिस लाईन, सवाई माधोपुर में गठित कमेठी द्वारा सार्वजनिक निलामी की जावेगी। अतः ईच्छुक खरीददार / बोलीदाता को जरिये विज्ञिप्त सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला सवाई माधोपुर

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज), चौमूँ (जयपुर)

क्रमांक 316-26 दिनांकः 19.06.2025

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें / कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता फर्मों / व्यक्तियों से दिनांक 27.06.2025 को प्रातः 11.30 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	कार्य/व्यवस्था का नाम	ठेके की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू.में)
1	किसान कलेवा योजना के संचालन हेतु	एक वर्ष	6.00
2	जल एवम् प्रकाश व्यवस्था के संचालन हेतु	एक वर्ष	2.00

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट व www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है।

DAM2S26A0214

सचिव प्रशासक

न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर

क्रमांक/भू.अ./2025/1778-79 दिनांक-20/6/25

आम सूचना

जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी कार्तिकेय सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह जाति राजपुत निवासी हरसौली तहसील दूदू द्वारा मृतक खातेदार किशन सिंह पुत्र दान सिंह जाति राजपुत सा0 कैरिया बुजुर्ग खातेदार के नाम दर्ज खाता स0 40 कुल किता 04 रकबा 19.05 हैक्ट में हिस्सा सम्पूर्ण वाके ग्राम धांधोली की विरासत का नामान्तरण मृतक खातेदार के बजाय कार्तिकेय सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोलने की कार्यवाही उपपंजीयक जयपुर पंचम द्वारा पंजीबद्ध वसीयत दिनांक 25.05.2023 के आधार पर कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 01/2024 अन्तर्गत धारा 135(2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 विचाराधीन है।

मृतक खातेदार किशन सिंह पुत्र दान सिंह जाति राजपुत सा0 हरसौली बुजुर्ग खातेदार तह0 दूदू की दिनांक 11.12.2023 को ही मृत्यु हो चुकी है। विधिक वारिसान व वसीयत के गवाहान् द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रो के आधार पर मृतक खातेदार के बजाय कार्तिकेय सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह जाति राजपुत निवासी हरसौली तहसील दूदू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई आपति/दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। कोई दावा/आपति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जयपुर

कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, प्रा० स्वा० केन्द्र हिंगवाहेड़ा(तिजारा) खैरथल-तिजारा

क्रमांक :2025/82 दिनांक-18/6/2025

खुली निविदा सूचना

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ०स्वा०केन्द्र हिंगवाहेड़ा(तिजारा) खैरथल- तिजारा द्वारा निम्न सेवायें उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि रू	निविदा शुल्क रूपये	बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कम्प्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन(संविदा)	150000.00/-	3000.00/-		28.06.2025 12.00 PM	28.06.2025 1.00 PM	28.06.2025 2.00 PM
2	लेब टेक्निशियन	150000.00/-	3000.00/-		28.06.2025 12.00 PM	28.06.2025 1.00 PM	28.06.2025 2.00 PM
3	साफ सफाई कार्य सामग्री सहित	140000.00/-	2800.00/-	100.00/-	28.06.2025 12.00 PM	28.06.2025 1.00 PM	28.06.2025 2.00 PM

नियम एवं शर्ते-

1. निविदाएँ दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चैक राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी, राबड़का के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 28.06.2025 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 28.06.2025 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ0 स्वा0 केन्द्र राबड़का, तिजारा

संक्षिप्त

6 वीं राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग शुरू

श्रीमाधोपुर । तीन दिवसीय छठवीं राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता जयपुर मैं शुरू हुई । जिसमें शुक्रवार को सुबह ही श्रीमाधोपुर के खिलाड़ी हुए रवाना हुए । आर आर फाइटिंग के निर्देशक रवि प्रजापत ने बताया किजयपुर के मानसरोवर में 20 से 22 जून को राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अलग अलग भार में श्रीमाधोपुर के 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें लक्ष्य प्रजापत, प्रांजल प्रजापत ,रुद्राश शर्मा, पलक कुमावत,हिमांशु सेनी,पंकज सैनी,मयंक सेनी,भूपेश सेनी,विशाल सोनी आदि हैं ।

छात्राओं से नोडल अधिकारी ने किया विशेष संवाद

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर की सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ की छात्राओं से 19 एवं 20 जून को नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने विशेष संवाद किया। छात्राओं को नियमित क्लास लेने तथा निर्भीक और तार्किक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आगामी दिनों में महाविद्यालय के 21 जून के योग दिवस,वृक्षारोपण, अंतिम वर्ष की छात्राओं की विदाई जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय रहकर इन्हें सफल बनाने का आव्हान किया।

संजू बलाई को पीएचडी की उपाधि

सांभरझील। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के हिंदी विभाग की और से गांव ढींढा निवासी संजू बलाई को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है, इनको यह उपाधि ''संत नवलराम कृत सर्वंगसार एक अनुशीलन'' विषय पर शोध के लिए दी गई है । इन्होंने शाहपुरा चिमनपुरा के डॉक्टर बाबूलाल महावर के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है इससे पूर्व इन्होंने बीए, बीएड, एम. ए, एम.एड. व एम. फिल की उपाधि प्राप्त की तथा नेट जेआरएफ क्वालीफाई कर चुकी है। पीएचडी की उपाधि मिलने पर ग्राम वासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

अरदास कीर्तन का आयोजन आज

निवाई। इंद्रिरा कॉलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में श्री श्याम अरदास कीर्तन मण्डल के तत्वावधान में कृष्ण पक्ष की एकादशी को अरदास कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। गायक राजू खण्डेलवाल ने बताया कि अरदास कीर्तन के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव को लेकर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक किया जाएगा एवं कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। रात्रि में गायक कलाकारों द्वारा आयोजित भजन संध्या में श्याम बाबा का गुणगान किया जाएगा। भजन संध्या के बाद माहाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से 40 वर्षीय मजदूर की मौत

निवाई। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गुंसी पुलिया के पास गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से 40 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा मय जाब्ते मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि गुरुवार की रात को गांव लुहारा बांध पर मजदूरी का कार्य करने वाले मजदूर मनोज पुत्र दीपचंद राजपूत थाना डबलाना जिला बूंदी के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह पंचनामा तैयार करके पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सदर थाना के पुलिसकर्मी मदनलाल जाट ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

निवाई । टोंक जयपुर रोड पर स्थित पटेल फार्म हाउस पर शनिवार को दोपहर 1 बजे पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा की अध्यक्षता में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित होगी। कांग्रेस नेता तनवीर कुरेशी ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत राज एवं निकाय के चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

कलेक्टर ने वंदे गंगा जल अभियान में योगदान करने वालों को सम्मानित किया

- खैरथल में जिला सचिवालय पर अभियान में विशेष सहयोग देने वालों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित हुआ

खैरथल। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले भर में चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को खैरथल जिला सचिवालय सभागार में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं, शिक्षकों, ग्रामवासियों और स्वयंसेवियों को तुलसी का पौधा एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

कलेक्टर किशोर कुमार ने जल संरक्षण में योगदान देने वाले शिक्षकों को तुलसी का पौधा एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि जल संकट आने वाले समय की सबसे बड़ी चुनौती है। एडीएम शिवपाल जाट ने कहा पानी बचाना केवल किसी एक कि जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जल स्त्रोतों की स्वच्छता, वर्षा जल संग्रहण और जल दोहन की नियंत्रित समय की महत्वपूर्ण मांग है।

कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले दुर्लभनाथ आश्रम, कतोपुर (कोटकासिम) के महाराज देव सिंह को जल संरक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में विशेष सहयोग, आश्रम परिसर में लगभग 2000 पौधों के संरक्षण, जोहड़ पुनर्जीवन कार्य, तथा ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत 2 लाख के दान हेतु सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार बीएमए भिवाड़ी एवं केईआई इंडस्ट्रीज ने 21-21 लाख रुपये, कैप्स्टन ने 11 लाख रुपये, कजरिया ने 7.30 लाख, तथा प्रदीप दायमा, अध्यक्ष, खुशखेड़ा-करौली इंडस्ट्रियल संगठन ने 21,000 का योगदान जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदान किए जाने पर सम्मान किया गया। महेश चंचलानी को वंदे गंगा अभियान एवं हर आंगन एक परिंडा के अंतर्गत 1000 परिंडे वितरित किए जाने व सुरेंद्र सेन (निवासी पेहल, मुंडावर) को अभियान के दौरान 500 पौधारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई की और अपने जीवन में अब तक लगभग एक लाख पौधे लगाकर अनुकरणीय कार्य किए जाने पर सम्मानित किया है।

इसके अलावा शिवलाल स्वामी (जिंदोली) को निस्वार्थ जल सेवा हेतु प्याऊ लगाने के लिए, तथा युवा टीम चाचाका को 1 किलोमीटर पाइपलाइन दबाकर जंगली पशुओं को प्रतिदिन जल उपलब्ध कराने हेतु सम्मानित किया गया। राजबाला यादव शिक्षिका, को एनएसएस और स्काउट-गाइड छात्रों के माध्यम से आईईसी गतिविधियाँ व वृक्षारोपण कराकर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। देवेंद्र कुमार (ग्राम पंचायत रसगण) ने 40 किसानों को फार्म पॉन्ड निर्माण के लिए प्रेरित कर जल संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाई।

सम्बल पखवाड़े का आयोजन 24 से 09 जुलाई तक

कोटपूतली। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग एवं पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति तक पहुॅचाने के उद्धेश्य से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार आगामी 24 जून से 09 जुलाई तक प्रदेश भर में पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर में अनेक विभागों से जुड़े कार्य किये जायेगें। एसडीएम बृजेश कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि षिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, उर्जा, पीएचईडी, जल संसाधन, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन व सामाजिक न्याय समेत राजस्व विभाग की दस गतिविधियां तथा अन्य 15 राजकीय विभागों को शामिल किया गया है। शिविर का समय प्रात: 09.30 से सायं 05.30 बजे तक रहेगा।

कलेक्टर ने अजनोटी ग्राम में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

बौंली -बामनवास। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर ने शुक्रवार देर रात्रि तक अजनोटी ग्राम में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर ही उपस्थित संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत अजनोटी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणो को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किय।

उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, बेहतर शिक्षा और समुचित रोजगार के अवसर। जिला कलेक्टर को रात्रि चौपाल के दौरान नामांकन खुलवाने, खाद्य सुरक्षा का लाभ दिलाने, आम रास्तों, से अतिक्रमण हटाने, जल निकासी सुनिश्चित कराने बिजली के तार ठीक कराने, नया कनेक्शन जारी कराने सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया । उन्होंने मुख्य मार्ग पर बार-बार अतिक्रमण की शिकायत पर तहसीलदार नीरू सिंह को अतिकृमियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, गांव में मुख्य मार्ग पर जल भराव की समस्या के निराकरण के लिए मौका निरीक्षण कर जल निकासी की कार्य योजना बनाकर पालना रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए।

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, उपखंड अधिकारी अनूप सिंह, विकास अधिकारी जगदीश मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी एल मीणा, सीएमएचओ डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाकर ग्रामीणों को मिला रास्ता

- जल्द बनेगी चारदीवारी और सीसी सड़क

नारायणपुर । ग्राम पंचायत चांदपुरी की जोगियों की ढाणी में शुक्रवार को सरपंच के नेतृत्व में श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाकर वहां की जमीन को सुरक्षित किया गया। इससे पहले कानूनगो अनुराग शर्मा एवं पटवारी योगेश सैनी द्वारा श्मशान भूमि की 7 एयर जमीन की पैमाइश की गई। पैमाइश के बाद ग्राम पंचायत की ओर से अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए जेसीबी मशीन की सहायता से कार्यवाही की गई, जिसमें अतिक्रमित भूमि को खाली करवाकर खाई खोदी गई।

चांदपुरी की जोगियों की ढाणी में सरपंच के नेतृत्व में श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान भूमि तक पहुंचने का कोई समुचित रास्ता नहीं था, जिससे अंतिम संस्कार में परेशानी होती थी। इस समस्या के समाधान के लिए सरपंच द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए काश्तकार पूरण, रामजीलाल, रुडमल, गणपतनाथ और उमरावनाथ को समझाइश की गई। उनकी सहमति से दोनों ओर से छह-छह फीट जमीन लेकर श्मशान तक जाने के लिए 12 फीट चौड़ा रास्ता बनाया गया।

ग्रामीणों ने रास्ता उपलब्ध कराने वाले काश्तकारों के प्रति आभार जताया। सरपंच ने बताया कि अब ग्राम पंचायत की ओर से श्मशान भूमि की चारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही श्मशान स्थल तक पहुंचने के लिए सीसी सड़क भी बनाई जाएगी ताकि भविष्य में किसी को कोई परेशानी न हो। उधर, ग्राम पंचायत अजबपुरा में गैर मुमकिन जोहड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी तय थी, जिसके लिए तहसीलदार अनिल कुमार मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस जाप्ता नहीं पहुंच पाने के कारण कार्रवाई संभव नहीं हो सकी और अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान सरपंच पति हरद्वारी लाल शर्मा, जगदीश यादव, मातादीन शर्मा, फूलचंद बाड़ीवाल, सुरेश, मोहन लाल, लालाराम जाट, राजेश कुमार, कमलेश योगी, मनोहर लाल, महेन्द्र, उमराव, हनुमान योगी, बाबूलाल, कैलाश चन्द, पुष्कर, मामराज, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

'विद्यालयों के आसपास पौधारोपण करवाकर वातावरण को हरा-भरा बनाए'

- शिक्षक स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के साथ ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर पुनः स्कूलों से जोड़े।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला, ब्लॉक तथा विद्यालय स्तर पर अधिकतम संख्या में छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

खैरथल। मानसून को देखते हुए जिले में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने शिक्षा विभाग को विद्यालयों के आसपास पौधा रोपण का लक्ष्य निर्धारित करते हए 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला, ब्लॉक तथा विद्यालय स्तर पर अधिकतम संख्या में छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

खैरथल जिला सचिवालय शुक्रवार को कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई शिक्षा विभाग की बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की ओर संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आगामी मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए 'हरियालु राजस्थान' अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक को लक्ष्य निर्धारित कर विद्यालय परिसरों एवं आस-पास पौधारोपण कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में नामांकन बढ़ाने व ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर पुनः उन्हें विद्यालय में जोड़ने लिए ठोस कार्य योजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान बैठक में खैरथल अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, जिला व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

योग शिविर में शामिल होने की अपील, योग दिवस के पोस्टर का विमोचन

- योग कार्यक्रम में सभी विभागों की समन्वित भागीदारी हो तथा प्रत्येक विभाग अपनी विभागीय गतिविधियों का समयबद्ध करें- कपिल कुमार उपाध्याय

पावटा। 21 जून को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को उपखंड कार्यालय पावटा में उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि 21 जून रविवार को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक प्रोटोकॉल के अनुसार बाबा भूतनाथ मंदिर जोहड़ा धाम पावटा प्रांगण में किया जाएगा। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने आमजनों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में योग शिविर में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि योग हमारे शरीर के लिए अति आवश्यक है।

उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पोस्टर का विमोचन किया।

योग कार्यक्रम में सभी विभागों की समन्वित भागीदारी हो तथा प्रत्येक विभाग अपनी विभागीय गतिविधियों का समयबद्ध करें। इस अवसर पर योग प्रोटोकॉल पोस्टर का विमोचन कर सभी को योग दिवस के दिन योगाभ्यास करने की बात कही। इस अवसर पर नोडल प्रभारी योग दिवस चंद्रहास शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. नाहर मल यादव, कंपाउंडर अशोक कुमार देवेंदा, अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष एड. ओमप्रकाश सैनी समेत उपाध्यक्ष एड.अनिल सिंह शेखावत, सचिव एड. सुरेंद्र सिंह शेखावत, संयुक्त सचिव एड. मुकेश कुमार यादव, मीडिया प्रभारी एड.हेमंत कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष एड. मुकेश यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष एड. कुलदीप पटेल, संगठन मंत्री जय किशन सोनी, दिलीप सिंह शेखावत, विष्णु कुमार शर्मा, नरेश कुमार यादव, लोकेश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार स्वामी, अशोक सिंह गुर्जर, हजारी लाल यादव, घनश्याम शर्मा, सीताराम सैनी, गौरव शर्मा, कमलकांत शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश दायमा, मेहर सिंह जाट, धर्मपाल यादव, सुरेश कुमार धानका, हरि सिंह यादव, किशोरी लाल यादव, बुद्धाराम यादव, रिंकू गुर्जर, स्टांप वेंडर श्यामसुंदर शर्मा, महेंद्र यादव, गुल्लाराम यादव, विसंबर सैनी, उमेश चौधरी, सुभाष यादव, सुल्तान यादव, महेंद्र सिंघल, सुरेश गुर्जर, सुनील अग्रवाल, सूर्यकांत सैनी, टीटू अग्रवाल, रामसिंह सैनी आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

नालों की सफाई नहीं होने से सड़कों पर भरा पानी

नारायणपुर । मानसून की पहली बारिश ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की कलई खोल दी। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद कस्बे के पुरुषोत्तम मार्केट में सड़क किनारे बने नालों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा हो गया, जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर जगह-जगह पानी भर गया। इससे न सिर्फ आमजन को आने-जाने में कठिनाई हुई, बल्कि दुकानों के सामने जलभराव के कारण व्यापार भी प्रभावित हुआ। दुकानदार मनोहर लाल ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए गए नालों में कई दुकानदार नियमित रूप से कचरा डालते हैं, जिससे नाले जाम हो जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नाले बनने के बाद से अब तक नगरपालिका ने एक बार भी उनकी सफाई नहीं करवाई है। स्थानीय निवासी और व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मानसून से पहले नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार की तैयारी नहीं की गई।

सार-समाचार

कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

निवाई। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में भाजपा शहर अध्यक्ष व पार्षद नितिन छाबडा एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण करने, रोगियों को फल वितरण करने सहित कई प्रकार के आयोजन करके खुशी का इजहार किया। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, प्रधान रामअवतार लांगडी, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी सुनारा, हनुमान गुर्जर रजवास, बुधराम मीणा, अंकित वर्मा, आशु गौड, जयनारायण कुमावत, डीआर ममता जाट, पूर्व प्रधान ममता चौधरी, शंकरलाल पडियार, जीतू विजय, जितेन्द्र धारवाल, श्योलाल मीणा, शंकरलाल सैनी, मंगलराम मीणा व रामविलास बलाई सहित कई जनप्रतिनिधियों व पार्षदों ने माला व साफा पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री गौड़ विप्र परिषद की आमसभा कल

श्रीमाधोपुर। श्री गॉड विप्र परिषद समिति की आमसभा 22 जून रविवार को सांय पांच बजे श्री गौड विप्र परिषद समिति श्रीमाधोपुर की आम सभा परशुराम सभागार में आयोजित की जा रही है। बताया गया है कि आम सभा में नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इस हेतु समाज के सभी पूर्व अध्यक्ष व मंत्रियों को सादर आमंत्रित किया गया है जिनके मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम सम्पन्न हो सके। समाज के सभी वर्गों से आम सभा में पधारने की अपील की गई है। इस अवसर पर वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की समीक्षा भी की जायेगी।श्री गौड विप्र परिषद् समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा एडवोकेट एवं मंत्री डा चंद्र प्रकाश व्यास ने सभी योग्य उर्जावान महानुभावों से आव्हान किया है कि वे आगे आकर समाज की बागडोर संभालें। सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भी समाज के हित में अधिक से अधिक संख्या में नये सदस्य बनने और चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। रविवार 22 जून से नये सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी जो 15 जुलाई तक चलेगी। आजीवन सदस्यों के अलावा सभी की सदस्यता का नवीनीकरण किया जायेगा।केवल सदस्य ही चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे। मार्गदर्शन मंडल से प्रार्थना है कि वे 22 जून को पांच बजे पधारकर मार्गदर्शन करें।

योग शिविर आज

श्रीमाधोपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज शनिवार को सभी नागरिक संगठनों ने प्रात: 6 बजे पीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर में पहुंच कर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। योग नोडल प्रभारी डा संदीप भारद्वाज ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत, अग्रवाल समाज के सचिव हरिप्रसाद गोकुलका, औषधालय समिति के सचिव बाबूलाल चौधरी, गोड विप्र परिषद् समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा एडवोकेट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक जटाशंकर व्यास, विश्वहिंदू परिषद के मुकेश शर्मा आयुष चिकित्सालय के प्रभारी डा सत्यनारायण राव, गोपीनाथ मंदिर महंत डा मनोहर पारीक, गायत्री परिवार के विनोद शर्मा, सैनीसमाज के विनेश सैनी , सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम सैनी, दिलीप राष्ट्रवादी, योगप्रेमी सुरेश कुड़ी ने सभी नगरवासियों से योग दिवस पर पधारकर योग का लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर उपखण्ड प्रशासन एवं नगरपालिका द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

विनोद करेल बने समिति के अध्यक्ष

निवाई। अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबंध एवं विकास महासभा समिति के चुनाव में विनोद करेल ने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अशोककुमार सरना को 22 वोटों से हराकर विजेता रहे। सह चुनाव अधिकारी प्रेमप्रकाश नटवाडा ने बताया कि कुल मतदाता 19 हजार 712 थे। जिनमें से 44.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ मुख्य चुनाव अधिकारी खेमचंद सेन ने दिलाई। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद पर अशोक सेन सरना को 4 हजार 158, लक्ष्मी देवी को 103, मुकेश कुमार को 37 एवं विनोद कुमार नापित को 4180 मत मिले। विनोद कुमार नापित ने अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अशोक कुमार सरना को 22 मतों से हराया। सचिव पद के लिए हरिराम सेन कोट को 3 हजार 823, मुकेश कुमार को 3 हजार 369, पूनम सेन को 285, राजेन्द्र कुमार को 525 एवं सुरेन्द्र कुमार को 221 मत मिले। इस दौरान हरिराम ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार को 454 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए भगवती प्रसाद को 523, दुर्गालाल सैन को 3 हजार 868, कैलाश प्रसाद सैन को 3 हजार 684 एवं पूरणमल सैन को 192 वोट मिले। जिस पर दुर्गालाल ने अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार कैलाशप्रसाद सैन को 184 वोटों से हराकर विजेता रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के लोगों द्वारा माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया।

ब्लॉक स्तरीय योग दिवस आज

निवाई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया है। ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्रकुमार गुप्ता व सहायक नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्रकुमार शर्मा ने बताया कि उपखंड अधिकारी अनीता खटीक के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में शनिवार को सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक योग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग दिवस की तैयारियों को लेकर पेयजल, पार्किंग, मेट, माईक एवं मंच सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। शिविर में ब्लॉक स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, शिक्षक- शिक्षिकाएं सहित आमजन भाग लेंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खणदेवत में सरपंच सीमा बैरवा के नेतृत्व में योग दिवस मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को अन्तिमरूप दे दिया गया है। यह जानकारी ग्राम विकास अधिकारी राधाकिशन बैरवा ने दी है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समारोह को सफल बनाने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दक्ष योग प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर बहादुरपुरा व रमेशकुमार वर्मा ने सभी शारीरिक शिक्षकों व पंचायत स्तर के योग शिक्षकों को योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

आर्यिका विशुद्ध मति एवं विज्ञमति माताजी पहुंचे बरोनी

